तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, शनिवार 17 अगस्त 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 राखी और अमोरा में प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट ...

12 एकेडमिक स्कूल में गूंजा देशभक्ति गीत



## फायर सेफ्टी प्रशिक्षण के द्वारा युवकों के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

**भिलाई**। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते हैं, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धता है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपूर संभावनाएं होती है साथ ही **फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर** स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 पद फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र -छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार

आवेदन की अंतिम तिथि 24/08/2024

फायर सेफ्टी के कोर्स
- डिप्लोमा फायर एंड इंडस्ट्रियल सेफ्टी
- डिप्लोमा हेल्थ सेनिटरी इंस्पेक्टर
- सब-फायर ऑफिसर
- बी.एस.सी. फायर सेफ्टी



(DRDO),भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे हैं **संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी**, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र -छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लग जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) छात्र-छात्राओं संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी, **अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:मो.7697212782 (1) पताः फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट,(निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक- गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग, (2) कैंपस :- प्लाट नंबर 766, वार्ड नंबर 1, दशहरा मैदान के सामने, शांति नगर, भिलाई जिला दुर्ग छत्तीसगढ़-490023**

Advt.



2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.Sc. NURSING & M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482
81030 45003
98062 87706
Website : ssscn.ac.in


## स्वतंत्रता दिवस : स्कूली बच्चों ने देशभक्ति-संस्कृति से परिपूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रम की दी प्रस्तुति

# बारिश के बीच उत्साह के साथ मना आजादी का पर्व






हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

78वें स्वाधीनता दिवस के मौके पर जिला मुख्यालय के बेसिक स्कूल मैदान पर प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त) गरमामयी तरीके से आयोजित हुआ। रिमझिम बारिश होती रही इसके बावजूद समारोह को लेकर उत्साह में कोई कमी नहीं आयी। समारोह की मुख्य अतिथि महासमुंद सांसद रूपकुमारी चौधरी ने ध्वजारोहण किया और परेड की सलामी ली। मुख्यमंत्री का जानता के नाम संदेश का वाचन किया। शांति स्वरूप के तौर पर आकाश में तीन रंगे गुब्बारे छोड़े। उन्होंने परेड कमांडरों से परिचय प्राप्त किया।

■ शहीदों के परिजनों को शॉल श्रीफल से सम्मानित किया

जिला स्तरीय समारोह प्रात 9:00 बजे से शुरू हुआ। पुलिस एवं अर्द्ध सैनिक बलों, नगर सेना,की टुकडिया, स्काउटगाइड, एनसीसी रेडक्रास की छात्राओं, स्काऊट्स गार्ड, परेड में हिस्सा लिया।वही स्थानीय प्राइवेट स्कूल की छात्राओं ने आकर्षक बैंड की धुन के साथ मार्च पास्ट किया। मुख्य अतिथि रूपकुमारी चौधरी ने ज़िले के शहीदों के परिजनों को साल-श्रीफल से सम्मानित किया और उनका कुशलक्षेम पूछा। उन्होंने उत्कृष्ट कार्य करने वाले ज़िला और पुलिस प्रशासन के अधिकारी कर्मचारियों, प्रतिभागियों को को प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड देकर पुरस्कृत किया। इस दौरान विधायक दीपेश साहू, पूर्व विधायक अवधेश चंदेल, जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, प्रह्लाद रजक , राजेंद्र शर्मा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, पार्षदगण, जनप्रतिनिधियों और बड़ी संख्या में उपस्थित बच्चों, गणमान्य नागरिकों मौजूद रहे। समारोह में स्कूली बच्चों द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति / संस्कृति से परिपूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रम का जहां आनंद लिया गया। वहीं कई स्कूली बच्चों की प्रस्तुति ने दिल छू लिया और आमजन बच्चों का तालियां बजाकर उत्साहवर्धन करते रहे।

### बच्चों ने दी देशभक्ति से भरपूर रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति

भारत के 78 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बच्चों और युवाओं ने उस दौर के संघर्ष और शहीद स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की भूमिका से अवगत कराने के उद्देश्य से देश भक्ति से भरपूर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। उनकी प्रस्तुति ने अतिथियों सहित गणमान्य नागरिकों मन मोह लिया और वे मंत्रमुग्ध हो कर उनकी रंगारंग प्रस्तुति का आनंद लेते दिखे। आजादी के जश्न को मनाने में शामिल छात्रों में राष्ट्रीय पर्व को लेकर काफी उत्सुकता देखने को मिली। जिसमें छोटे-छोटे बच्चों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। इसके साथ ही जिला और पुलिस प्रशासन के उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारी और जवानों तथा एनसीसी, एनएसएस, स्काउट गाइड के प्लाटून एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देने वाले स्कूल विद्यार्थी टीम को प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड प्रदान कर पुरस्कृत किया गया।

### स्वतंत्रता दिवस पर उड़ान एकेडमी का हुआ कार्यक्रम



**नवागढ़**। गुरुवार को थाना नवागढ़ परिसर में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पुलिस भर्ती की तैयारी कर रहे उड़ान एकेडमी के तत्वाधान में रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें बतौर अतिथि भाजपा नेता मिंटू बिसेन सहित पुलिस कर्मी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### नेवनारा में होगा रक्षासूत्र बांधने का आयोजन

**बेमेतरा**। बेरला ब्लॉक के ग्राम नेवनारा में इस वर्ष भी रक्षाबंधन पर रक्षासूत्र बांधने का भव्य आयोजन किया जा रहा है। आयोजन राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्व हिंदू सनातन संगठन व भाजपा नेता योगेश तिवारी द्वारा किया जा रहा है। गौरतलब हो कि कुलदेवी चंडी मंदिर नेवनारा में हर साल रक्षाबंधन त्यौहार मनाने बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र की हजारों महिलाएं शामिल होती हैं। यहां महिलाएं भाजपा नेता योगेश तिवारी को रक्षा सूत्र बांधकर उपहार प्राप्त करती हैं। भाजपा नेता ने कहा कि क्षेत्र की बहनों का हर साल जो स्नेह मिलता है, वह अतुलनीय है। क्षेत्र से आई बहने मेरे परिवार की तरह हैं। इनका मुझ पर हमेशा स्नेह बना रहा।

### प्लेसमेंट कैम्प 21 को

**बेमेतरा**। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, बेमेतरा कार्यालय परिसर रुम नंबर 65 में 21 अगस्त को प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 03:00 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें फायर मेन के 20 पद योग्यता डिप्लोमा फायर सेप्टी वेतनमान 13000 से 16000 सिक्युरिटी गार्ड के 150 पद, योग्यता 10वीं, वेतनमान 12000 से 14000 आयु 20 से 40 वर्ष, सिक्युरिटी सुपर वाईजर के 50 पद, 12वीं वेतनमान 12000 से 17000 आयु 20 से 40 वर्ष तथा ड्राइवर हेवी लाईसेंस 10 पद योग्यता 10वीं, वेतनमान 15000 से 18000 स्थल राज्य छत्तीसगढ़ हेतु भर्ती किया जाना है। जिला रोजगार कार्यालय नियोजक (निजी संस्था) तथा आवेदक के मध्य एक प्लेटफार्म उपलब्ध कराता है तथा यह नियुक्ति केवल निजी क्षेत्र के संस्थाओं में कार्य हेतु किया जाता है। अतः पद, संस्था, कार्य, वेतन व अन्य पूर्ण जानकारी कैम्प में उपस्थित नियोजक या प्रतिनिधि से संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है। अधिसूचित रिक्त पदों पर रोजगार के अवसर प्राप्त करने हेतु इच्छुक आवेदक रोजगार कार्यालय का पंजीयन पत्रक, छग निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, एवं समस्त शैक्षणिक मूल प्रमाण पत्र के साथ जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, बेमेतरा में दिनांक 21 अगस्त 2024, बुधवार समय 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक उपस्थित उपस्थित हो सकते है।

## जिला न्यायाधीश ने दिलाई मौलिक कर्तव्य की शपथ



**बेमेतरा**। बृजेन्द्र कुमार शास्त्री, प्रधान जिला न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा के मार्गदर्शन में जिला न्यायालय परिसर में पहली बार नई रीति से स्वतंत्रता दिवस को हर्षोउल्लास के साथ न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण, न्यायिक कर्मचारीगण व उनके नन्हें-मुन्हे बालकों के साथ मनाया गया। उक्त कार्यकम में प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा ध्वजारोहण किया गया तत्पश्चात सामूहिक रूप से राष्ट्रगान गाया गया। कार्यकम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ीय राजकीय गीत /"अरपा पैरी के धार/" से करते हुए कार्यक्रम में उपस्थित न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण, न्यायिक कर्मचारीगण व उनके नन्हें-मुन्हे बालकों के द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। माननीय बृजेन्द्र कुमार शास्त्री, प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्यों से कहां गया कि हमें भारत के नागरिक होने के नाते हमारें अधिकारों की भली-भांति जानकारी है और उसके लिए हम सभी सदैव जागरूक भी रहते है। 78वें स्वतंत्रता दिवस की थीम वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने की है जिसे पूर्ण करने के लिए हमें अपने कर्तव्यों का भी पालन करना भी अति आवश्यक है इसी उद्देश्य के साथ माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा संविधान के अनुच्छेद 51-क में उल्लेखित 11 मौलिक कर्तव्यों का वाचन कर कार्यकम में उपस्थित प्रत्येक व्यक्ति को उनका पालन किये जाने की शपथ दिलायी गई।

## आवारा मवेशियों को लेकर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कांग्रेस पार्टी में आरोप लगाया है कि राज्य में भाजपा सरकार बनने के बाद गौधन न्याय योजना बंद करके गौवंशीय पशुओ को सड़क पर बेमौत मरने के लिए सड़क पर छोड़ दिया गया है। प्रदेश भर में हो रही। गायों की मौत तथा खुले मवेशियों के कारण सड़क दुर्घटना के विरोध में शुक्रवार को शहर एवं ग्रामीण कांग्रेस कमेटी द्वारा एसडीएम कार्यालय बेमेतरा का घेराव कर आवारा पशुओं को कार्यालय में बांध कर प्रदर्शन किया गया।

कांग्रेसजन कांग्रेस भवन में इकठ्ठे हुए। शहर में घूम रहे आवारा पशुओं को पकड़कर एसडीएम कार्यालय ले। जहां पुलिस बल के द्वारा गौ माता को कार्यालय में ले जाने को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं से झूमा - झटकी भी हुई, तो कांग्रेसियों ने कार्यालय के गेट में ही पशुओं को बांध दिया। इस दौरान राज्य की भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी हुई । प्रदर्शन में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बंशी पटेल, शहर अध्यक्ष सुमन गोस्वामी, नगर पालिका अध्यक्ष शकुंतला साहू, जोगेंदर छाबड़ा, सनत धर दीवान, पार्षद मनोज शर्मा, रश्मि मिश्रा, रेहाना रवानी, जया साहू, रानी सेन, धरम वर्मा, राम ठाकुर, वाहिद रवानी, अजय सेन मिथलेश वर्मा, महानंद यादव, प्रतीक दुबे, नारायण छाबड़ा, चंदू शीतलानी, देवा गर्ग, लक्ष्मी डेहरे, जयप्रकाश साहू, कुमार वर्मा, सीताराम यदु, भानू साहू अध्यक्ष किसान समिती सिघौरी, नीलकंठ चंद्राकर, सिद्धांत दीवान, गोलू साहू, रामसंजीवन, मोहन वर्मा, सुरेंद्र वर्मा, झाड़ू वर्मा, नारायण साहू, अघनु वर्मा, दिनेश साहू, ओमू साहू, डोमन साहू, खेमलाल साहू, दुलेश्वर साहू, भूपेंद्र साहू, गजानंद साहू, नानकू साहू, शत्रुहन साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता तथा किसान उपस्थित रहे।

■ एसडीएम कार्यालय के गेट में गायों को बांधकर विरोध किया





साड़ी महोत्सव रेंज
प्रिटेंड शिफॉन साड़ी / जरी पटटा साड़ी / प्रिटेंड बॉर्डर साड़ी ₹199* से
भागलपुरी आर्ट सिल्क साड़ी / ब्रासो प्रिंट मिक्स साड़ी / शिफॉन कट बॉर्डर साड़ी ₹299* से
सभी साड़ियां ब्लाउज के साथ
जिम्मी चू वर्क साड़ी / पार्टी वियर डायड़ वर्क साड़ी / पार्टी वियर हैवी बॉर्डर ₹399* से
बॉक्स पैकिंग प्लेन बॉर्डर साड़ी / मिक्स ऑर्गेंजा टीशू साड़ी / डायड़ वर्क एम्ब्रायडरी साड़ी ₹799* से
हेवी वर्क साड़ियों के लिए स्टोर पधारें।

कुर्ती महोत्सव रेंज
प्रिंटेड एवं वर्क स्टाइल कुर्ती ₹149* से
स्ट्रेचेबल प्लाज़ो पैंट ₹199* से
जयपुरी कॉटन फ्रॉक पैटर्न कुर्तियां ₹349* से
फेस्टिवल स्पेशल कुर्तियां ₹599* से
हेवी वर्क कुर्तियों के लिए स्टोर पधारें।

रेडीमेड होजयारी ब्लाउज 100 से + कलर डिज़ाइन — 1 के साथ 1 फ्री ₹199* से
पार्टी वियर फैंसी ब्रोकेड रेडीमेड ब्लाउज — 1 के साथ 1 फ्री ₹299* से

anouk — प्रीमियम ब्रांडेड कुर्ती 2pc/ 3pc ड्रेस सेट
DISCOUNT UPTO 65% OFF
प्रीमियम ब्रांडेड विमल साड़ियां — ONLY VIMAL • SAREES •
MRP ₹749 से ₹799 की साड़ियां केवल ₹249 में
MRP ₹899 से ₹1199 की साड़ियां केवल ₹299 में
MRP ₹1299 से ₹1599 की साड़ियां केवल ₹349 में
MRP ₹2099 से ₹4999 की साड़ियां केवल ₹549 में
50 से अधिक ब्रांड्स की साड़िया
*नियम एवं शर्तें लागू; ऑफर स्टॉक रहने तक

5% EXTRA CASHBACK SBI card
#Min. Trxn.:₹3,000; Max. Cashback:₹250 per card account. Validity:06 Aug - 04 Sep 2024. T&C Apply
SUBHASH | RIWAZO | VIMAL | adavari | angan | BUNAWAT | aliva | Anayesha | Vishal | Shubhmilan | लक्ष्मीपति

पुराना बस स्टैंड रोड, बेरला 9109155692
नियम एवं शर्तें लागू: सभी ऑफर सूचना के बिना बदलाव के अधीन हैं | **ऑफर स्टॉक रहने तक** | दिखाये गए उत्पादों के ग्राफिक्स केवल सांकेतिक मात्र है | ऑफर स्थान के अनुसार भिन्न हो सकते हैं | सभी मदभेद केवल रायपुर अदालत के अधिकार क्षेत्र के अधीन हैं | सभी क्रेडिट, डेबिट एवं यूपीआई से भुगतान स्वीकार किये जाते हैं |



पाठक सूचना
बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319154342, 8224868411


## तुलसीदास जन्मोत्सव 18 को

**बेमेतरा**। श्रीरामचरित मानस संघ जिला बेमेतरा का बैठक श्रीराम मंदिर बेमेतरा में संपन्न हुआ। जिसमें सभी सदस्यों के द्वारा निर्णय लिया गया कि 18 अगस्त को वार्ड नंबर 14 नवधा मंच सिंघौरी बेमेतरा में सुबह 10 बजे से एक दिवसीय जिला स्तरीय गोस्वामी तुलसीदास महाराज जन्मोत्सव कार्यक्रम भव्य रूप से मनाया जाएगा जिसमें अनेक मानस मंडलियों द्वारा रामचरितमानस की प्रस्तुति दिया जाएगा व मानस जिज्ञासुओं को अभिनंदन पत्र एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया जाएगा एवं महा आरती कर प्रसाद वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन रिझन सिंह गुरूजी द्वारा किया जाएगा। उक्त बैठक में श्रीरामचरितमानस संघ के जिला अध्यक्ष अनिल रजक ,सचिव दिनेंद्र साहू किरीतपुर, कोषाध्यक्ष ढालचंद साहू भिलौरी, तहसील अध्यक्ष पार्षद देवराम साहू , बलदेव साहू, पं. नारायण पाठक, संतोष साहू ,अगम मानिकपुरी, राजेश योगी, नोहर मानिकपुरी, विनोद साहू, भागवत निर्मलकर, पंचराम यादव, हेमू चंद्राकर, लोकनाथ साहू सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे।


स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ
सतीष मारकण्डेय (दद्दू)
अध्यक्षप्रतिनिधि
अंजली सतीष मारकण्डेय
अध्यक्ष, जनपद पंचायत नवागढ़


सेवा सहकारी समिति मर्या. मजगांव
पं.क्र.373 (शाखा प्रतापपुर)
स्वतंत्रता दिवस
15TH AUGUST
समस्त देशवासियों को
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ...
माननीय
दयालदास बघेल
कैबिनेट मंत्री छ.ग.शासन
महेन्द्र टेकाम
प्राधिकृत अधिकारी
जे.आर.यदु
शाखा प्रबंधक प्रतापपुर
चुरामणी साहू
प्रभारी समिति प्रबंधक मजगांव


सेवा सहकारी समिति मर्या. बदनारा
पं.क्र.1278 (शाखा सम्बलपुर)
स्वतंत्रता दिवस
15TH AUGUST
समस्त देशवासियों को
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ...
माननीय
दयालदास बघेल
कैबिनेट मंत्री छ.ग.शासन
के.एस.वर्मा
प्राधिकृत अधिकारी
शाखा प्रबंधक सम्बलपुर
नजरूद्दीन शेख
सहायक समिति प्रबंधक बदनारा
सौजन्य :
समस्त कृषकगण सेवा सहकारी समिति बदनारा


सेवा सहकारी समिति मर्यादित झाल एन.
पं.क्र.1270 (शाखा-नवागढ़)
स्वतंत्रता दिवस
15TH AUGUST
समस्त देशवासियों को
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ...
माननीय
दयालदास बघेल
कैबिनेट मंत्री छ.ग.शासन
रामजी खाण्डे
प्राधिकृत अधिकारी
शाखा प्रबंधक नवागढ़
डी.आर.जोशी
समिति प्रबंधक झाल एन.
रितेश अग्रवाल
सहायक समिति प्रबंधक झाल एन.
सौजन्य :
समस्त कृषकगण सेवा सहकारी समिति झाल एन.


सेवा सहकारी समिति मर्या. मारो
पं.क्र.1323 (शाखा-मारो)
स्वतंत्रता दिवस
15TH AUGUST
समस्त देशवासियों को
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ...
माननीय
दयालदास बघेल
कैबिनेट मंत्री छ.ग.शासन
शत्रुहन राम देवांगन
शाखा प्रबंधक मारो
रामप्रकाश साहू
समिति प्रबंधक मारो
प्रीतम कुमार साहू
सहायक समिति प्रबंधक मारो
सौजन्य :
सेवा सहकारी समिति मर्या. मारो, शाखा मारो


सेवा सहकारी समिति मर्यादित प्रतापपुर
पं.क्र.369
स्वतंत्रता दिवस
15TH AUGUST
समस्त देशवासियों को
मान. दयालदास बघेल
कैबिनेट मंत्री छ.ग.शासन
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ...
वर्षारानी पटवर्धन
प्राधिकृत अधिकारी प्रतापपुर
जग्गूराम यदु
शाखा प्रबंधक प्रतापपुर
भरत लाल निषाद
समिति प्रबंधक प्रतापपुर
विजय साहू
कम्प्यूटर ऑपरेटर


राजस्व पटवारी संघ छत्तीसगढ़
तहसील नवागढ़
जिला - बेमेतरा (छ.ग.)
की ओर से आप सभी को
स्वतंत्रता दिवस
15TH AUGUST
की हार्दिक शुभकामनाएँ


समस्त क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
15TH AUGUST
की हार्दिक शुभकामनाएँ
युवराज गेण्ड्रे
सचिव
ग्राम पंचायत झांकी
युवराज सिंह ठाकुर
सरपंच
ग्राम पंचायत झांकी
15th Independence Day
विनीत - ग्राम पंचायत झांकी, तह. नवागढ़, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)


स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई
विनीत - लोक निर्माण विभाग अनुविभाग
नवागढ़, जिला - बेमेतरा (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### मंदिर में रुद्राभिषेक किया जाएगा आज

**गुरूर।** ऐतिहासिक कालभैरव मंदिर के लिए शनिवार को भव्य जलयात्रा निकाली जाएगी। जलयात्रा नगर के गणेशा तालाब से प्रारंभ होगी। जहां से महिला मण्डल की सदस्य कावरिया संघ के कांवरिया लेकर कालभैरव मंदिर पहुंचेगे जहां रूद्राभिषेक किया जाएगा। कालभैरव मंदिर मे सावन माह के आरंभ होने के साथ ही 33 दिन का रूद्राभिषेक किया जा रहा है। इसमें प्रतिदिन महाकाल का रूद्राभिषेक किया जाता है। रात्रि में श्रृंगार दर्शन व महाआरती की जा रही है। मंदिर प्रांगण मे प्रतिदिन विभिन्न ग्रहों की पूजा की जा रही है। बीते दिनों मंदिर प्रांगण में नवग्रहों की स्थापना की गई थी। उसके बाद से लगातार विभिन्न ग्रहों की शांति के पूजन अनुष्ठान किया जा रहा है। प्रतिदिन पूजन अनुष्ठान प्रातः 10 बजे प्रारंभ हो जाता है जो दोपहर तीन बजे भजन कीर्तन के साथ समाप्त होता है। मंदिर के आचार्य पंडित सुरेश पाण्डेय ने बताया कि 21 अगस्त को 33 दिनों का रुद्राभिषेक व अनुष्ठान का समापन होगा।

### कोलिहामार में ध्वजारोहण शहीदों को किया नमन

**गुरूर।** स्वतंत्रता दिवस पर तहसील साहू सदन कोलिहामार गुरूर में कोषाध्यक्ष खेदूराम साहू ने ध्वजारोहण किया। समाज के पदाधिकारीगण द्वारा भारत माता, वीर शहीदों की तैल चित्र पर पूजा अर्चना एवं माल्यार्पण कर तिरंगा झंडा फहराया गया। ध्वजारोहण पश्चात कोषाध्यक्ष खेदूरम साहू ने कहा कि वीर शहीदों के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। जिन्होंने देश की आजादी के लिए प्राणों की आहूति दी। आज ही के दिन भारत देश अंग्रेजों से आजाद हुआ था। जिसमें हमारे कई वीर सपूतों ने आजादी के लिए हंसते–हंसते अपने जान की कुर्बानी दी थी। उन्होंने कहा कि आज हम उन वीर सपूतों को बारम्बार नमन करते हैं। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष बालोद, सरक्षंक आरडी साहू, सचिव जीआर जेठमल, सचिव न्यायप्रकोष्ठ योगेश साहू, नन्दनी साहू, बिसे लाल साहू, सूर्यकांत साहू, पारक राम साहू, टोमन साहू, भूपेश साहू, जीवन लाल साहू, प्रभात महमल्ला, भूपेन्द्र सोनबोईर, जागेशवर साहू सहित स्कूली बच्चे एवं स्वजातीय बंधु गण उपस्थित थे।

### विवाद चचेरे भाई पर टंगिया से हमला

**बालोद।** पानी निकासी के लिए जगह नहीं होने की मामूली विवाद पर एक व्यक्ति ने अपने चचेरे भाई 12 वीं के छात्र 18 वर्षीय मुकेश साहू पर टंगिया से वार कर दिया। आरोपी ने मुकेश साहू के गर्दन पर जोरदार प्रहार किया। गनीमत रही कि मुकेश बचने की कोशिश में नीचे झुका, जिससे उसके गले मे चोट कम आई। अगर वह अपने आप को बचाने नीचे नहीं झुकता तो टंगिया की धार उसके गले मे सीधा पड़ती और उसकी मौत भी हो सकती थी।। घटना के बाद घायल मुकेश को संजीवनी 108 एम्बुलेंस के माध्यम से तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज किया गया। घटना शुक्रवार सुबह करीब 8 बजे बालोद थाना क्षेत्र के ग्राम खपरी की है। मामले में घायल युवक ने कोतवाली थाना में शिकायत की है। पानी निकालने को लेकर भिड़े घायल मुकेश साहू ने बताया कि उनके घर के पास उनका और बारिश का पानी सड़क पर बहता है।

## राष्ट्रीय पर्व : कंडरका में स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित किए गए विविध कार्यक्रम

# 20 विद्यार्थियों को उत्कृष्ट कार्य के लिए किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला



स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर वीर शहीदों को सादर नमन एवं स्मरण करते हुए ग्राम कंडरका के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला, पूर्व माध्यमिक विद्यालय तथा प्राथमिक शाला में ध्वजारोहण किया गया। तत्पश्चात रैली निकाली गई। कार्यक्रम का संचालन संजय कश्यप प्रधान पाठक द्वारा करते हुए सभी अतिथियों का स्वागत कराया गया। तत्पश्चात बच्चों की विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम, देशभक्ति गीत, कविता एवं भाषण की प्रस्तुति हुई।

कार्यक्रम में उनके बेहतरीन प्रस्तुतिकरण के लिए ग्रामवासियों द्वारा पुरस्कृत भी किया गया। नवाचारी शिक्षिका केंवरा सेन द्वारा प्रतिभावान 20 बच्चों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र अतिथियों द्वारा यशोदा गोपीचंद निषाद सरपंच, रोहित यदु उप सरपंच, तथा पंचगण के हाथों से सह सम्मान दिलाया गया। सम्मान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 6वीं, 7वीं, 8वीं में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले 6 विद्यार्थी, सालभर कक्षा में सबसे ज्यादा उपस्थित होने वाले 2 विद्यार्थी, प्रयास के 3 विद्यार्थी, ईकोक्लब के अन्तर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले 4 विद्यार्थी, स्पोकन जापानी भाषा के 3 विद्यार्थी, और स्पोकन इंग्लिश सीखाने वाली 2 विद्यार्थी, कक्षा 11 वीं की छात्रा भावना साहू एवं दुर्गा निषाद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कंडरका की छात्रा सम्मानित हुई। ये छात्रा कोविड काल में महाराष्ट्र के शिक्षक शांतिनाथ वाघमोड़े, उमाकांत हाडुले एवं नितीन गब्बाले इन तीनों के सानिध्य में रहकर ऑनलाइन स्पोकन इंग्लिश सीखी तथा सीखने के पश्चात आज पर्यन्त संस्था के प्राचार्य राजेन्द्र झा के मार्गदर्शन एवं नवाचारी शिक्षिका केंवरा सेन के सहयोग से मिडिल स्कूल के विद्यार्थियों को वाट्सएप ग्रुप के माध्यम से प्रतिदिन चुनौती देकर स्पोकन इंग्लिश सीखाती है।

इस कार्यक्रम में हायर सेकेंडरी से पुष्पा नायक, मनीषा कुलकर्णी, राजेश्वरी सोनी, भीमलता परगनिहा, पुष्पांजलि दीवान, तुलसी टंडन, सरस्वती साहू, रविशंकर सेन, चेतन साहू, दीपक साहू ये सभी शिक्षक/शिक्षिका एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय से भुवन सिंह ध्रुव, रविकुमार निषाद, राजराजेश्वर राजा, कांति नागे तथा प्राथमिक से सुरेश वर्मा, रागिनी शर्मा, देवकुमारी गायकवाड़, योगेश्वरी परगनिहा एवं समस्त ग्रामवासी कंडरका सम्मिलित थे।





### देश के वीर जांबाज़ों को दिलों में संजोकर रखना होगा

**बेमेतरा।** ज़िले के जवाहर नवोदय विद्यालय में मुख्य अतिथि प्राचार्या लक्ष्मी सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। तत्पश्चात राष्ट्रीय ध्वज फहरा कर देश के मान और सम्मान के लिए ख़ुद को न्यौछावर करने का मनोभाव लिए झंडे की हिफ़ाज़त का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ने आज़ादी की विरासत और मूल्यों पर अपना विचार रखते हुए कहा कि हमें आजादी के उन वीर जाबाज़ सपूतों को अपने दिलों में संजो कर रखना है, जिनके अमूल्य बलिदान के कारण आज हम यहां देश का 78वां स्वाधीनता दिवस मना रहे हैं । 15 अगस्त का यह दिन गौरव, सांस्कृतिक विरासत और विविधता में एकता का उत्सव मनाने का दिन है। उन्होंने ने प्रधानमंत्री के दूरगामी लक्ष्य विकसित भारत 2047 को प्राप्त करने लिए सभी को प्रतिबद्ध व जागरूक होने की बात कही । कार्यक्रम में विद्यालय के नेवल एनसीसी के कमांडर इरफ़ान मुहम्मद के नेतृत्व में मुख्य अतिथि ने परेड का निरीक्षण कर सलामी ली। कक्षा 6वीं के बालिकाओं द्वारा लेज़ियम तथा बालकों द्वारा नृत्य की प्रस्तुति दी। सामाजिक विज्ञान की शिक्षिका मोनिका रानी द्वारा भाषण प्रस्तुत किया गया । कक्षा 9वीं की छात्रा कनिका वर्मा व चंद्रहाश वर्मा ने क्रमशः हिंदी व अंगेजी में भाषण दिये। मंच संचालन हिंदी शिक्षक अजीत प्रताप सिंह को ज़िलाधीश रणबीर शर्मा ने सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त स्टाफ़ की उपस्थिति रही।

### नवागढ़ सरकारी अस्पताल में मनाया गया स्वतन्त्रता दिवस



**नवागढ़।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवागढ़ में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. एमएम रजा के द्वारा ध्वजा रोहण किया गया। ध्वजारोहण पश्चात उपस्थित समस्त स्टाफ द्वारा एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम के तहत पौधारोपण किया गया जिसमें 20 छायादार एवं फलदार पौधारोपण किया गया।स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग नवागढ़ में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों का सम्मान प्रशस्ति पत्र देकर किया गया। समस्त स्टाफ की उपस्थिति में आरजी मेडिकल कॉलेज कोलकाता में महिला डॉक्टर के साथ हुए घटना के सम्बंध में 2 मिनट का मौन धारण मृतात्मा की शांति हेतु किया गया। कार्यक्रम में डॉ. क्षितिज शुक्ला, डॉ. ऋषभ अग्रवाल, बीपीएम सीके देवांगन, यूआर ध्रुवे, खिलावन टण्डन, वशुधा पटेल, सुनील, अशेन्द्र, एन पास्वान सहित सभी विभागीय अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### बच्चे और शिक्षकों ने निकाली प्रभातफेरी



**बेरला।** विकासखण्ड बेरला के प्रा. शाला तबलघोर में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बच्चों और शिक्षकों द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई। ध्वजारोहण सरपंच मनीराम लहरे एवं उपसरपंच दिलीप निषाद, एसएमसी अध्यक्ष होलूराम वर्मा द्वारा किया गया।

तत्पश्चात तिरंगे झंडे को सलामी देते हुए राष्ट्रगान गाया गया। इस अवसर प्रवीण पटेल ग्राम सड्डू (रायपुर) वाले के तरफ से सभी 80 विद्यार्थियों के लिए जूता मोजा वितरित किया गया। पवन देवांगन का प्रधान पाठक में पदोन्नति होने पर देवांगन द्वारा सभी बच्चों एवं समस्त ग्रामवासियों के लिए न्योता भोज में हलवा, पूरी की व्यवस्था की गई। बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम कविता, भाषण और लोक नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रधान पाठक अकिलेश्वर पाटिल द्वारा किया गया। संकुल समन्वयक पंचराम मरकाम द्वारा पवन देवांगन के शिक्षकीय जीवन में समय बिताये गये उनके बारे में विस्तार प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय सिंवार प्रधान पाठक एवं शिक्षक उपस्थित थे। ग्राम तबलघोर के एसएमसी अध्यक्ष होलूराम वर्मा एवं गणमान्य नागरिक सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### एकेडमिक स्कूल में गूंजा देशभक्ति गीत



**बेमेतरा।** एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास और देशभक्ति की भावना से होकर मनाया गया। कार्यक्रम स्कूल के फुटबॉल ग्राउंड पर आयोजित किया गया, जिसने उपस्थित जनों को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। इस वर्ष के समारोह की थीम थी ''विकसित भारत, समृद्ध और शक्तिशाली राष्ट्र, जो आज के कार्यक्रम के हर पहलू में झलकती रही।

मुख्य अतिथि बृजमोहन शर्मा द्वारा स्वतत्रंता सेनानियों की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर स्कूल के संरक्षक मनीष बोहरा, स्कूल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विनीत राजौरिया, विद्यालय प्राचार्य पंकज जोशी और उपप्राचार्य राकेश कुमार, सहायक उपप्राचार्या गायत्री, उपमुख्याध्यापिका, उपस्थित रहे।

परेड और मार्चपास्ट

मुख्य अतिथियों ने परेड का निरीक्षण किया। परेड में चारों हाउस, आर्यभट्ट हाउस (हरा ध्वज), भाभा हाउस (लाल ध्वज), कलाम हाउस (पीला ध्वज), और रमन हाउस (नीला ध्वज) के विद्यार्थी हाउस कैप्टन के नेतृत्व में अपने-अपने ध्वज के साथ तैयार खड़े थे। हाउस कैप्टन के रूप में आर्यभट्ट हाउस से ईशान खंडेलिया और सौम्या अग्रवाल, भाभा हाउस से यश पटेल और अक्षरा राजपूत, कलाम हाउस से स्वास्तिक सिंह और मानसी चंद्रवंशी, तथा रमन हाउस से कार्तिक शर्मा और सिदक कौर सलूजा ने अपने-अपने हाउस का नेतृत्व किया। 'सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और भाषण' इस दौरान बच्चों ने समूह गीत ने की मनमोह प्रस्तुति दी। इसके बाद विद्यार्थियों ने हिंदी और अंग्रेजी में देशभक्ति से ओतप्रोत भाषण दिए। अंग्रेजी भाषण अर्णव गौतम और हिंदी भाषण सौम्या अग्रवा ने संबोधित किया। उन्होंने कहा आज का युवा ही हमारे भविष्य का निर्माता है। हमें अपनी संस्कृति और मूल्यों को समझते हुए एक नए, सशक्त और विकसित भारत का निर्माण करना है। आप सभी छात्रों से मेरी यही अपेक्षा है कि आप इस दिशा में अपना पूरा योगदान दें।" उनके प्रेरणादायक शब्दों ने छात्रों को हृदय की गहराइयों तक प्रभावित किया। कार्यक्रम को प्राचार्य ने भी संबोधित किया।

### बरगा में धूमधाम से मना आजादी का पर्व



**बेमेतरा।** बरगा के प्राथमिक शाला प्रांगण में मेजबान विद्यालय शासकीय प्राथमिक शाला के साथ बाल संस्कार शिशु मंदिर, सरस्वती ज्ञान मंदिर, आंगनबाड़ी केन्द्र एवं ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों का आयोजन एक साथ संपन्न हुआ। ध्वजारोहण व राष्ट्रगान पंचायत भवन व अपने अपने विद्यालय में भी किया गया।

उद्बोधन में सरपंच प्रतिनिधि बल्लू नोहर पाल, बिसौहा साहू, सेवाराम, लेखराम साहू, पंच कमलेश साहू, कन्हैयालाल पाल एवं श्रवण साहू (कवि, साहित्यकार) ने सभा को संबोधित किया। शासकीय प्राथमिक शाला व सरस्वती ज्ञान मंदिर के स्कूली बच्चों के गीत कविता, भाषण तथा बाल संस्कार शिशु मंदिर के छात्रों के दो क्रांतिकारिक नाट्य शहीद-ए-आजम, रानी लक्ष्मीबाई ने सबको नई उर्जा प्रदान किया। प्रसादी वितरण के साथ आयोजन सम्पन्न हुआ। इस दौरान ग्रामीण स्वच्छता सहयोगी मां बम्लेश्वरी महिला स्व-सहायता समूह बरगा को सरपंच द्वारा सम्मानित किया गया। इस पर्व में पंचायत प्रतिनिधियों में सरपंच मीना बल्लू पाल, सरपंच प्रतिनिधि बल्लू नोहर पाल, रोजगार सहायक गणेश तुरकाने, ग्राम कोटवार ईश्वर गंधर्व, ग्राम पटेल राजकुमार साहू, पंच/प्रतिनिधि कियत साहू, कमलेश साहू, राकेश अंगिरा, प्रताप साहू , लक्ष्मण साहू, लालाराम साहू, मालुराम साहू, गंगासागर मांडे, मनहरण वर्मा, निलेश साहू शासकीय प्राथमिक शाला से शिक्षकगण के.एल. लहरे, रामनारायण पटेल सहित ग्रामीण वरिष्ठ नागरिक सम्मिलित होकर आजादी पर्व सौहार्द्रपूर्वक मनाया।

### अतरगढ़ी में मेधावी छात्रों को किया पुरस्कृत

**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला अतरगढ़ी में 78वां स्वतंत्रता दिवस अत्यंत ही हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम सभी बच्चों और शिक्षकों के द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई। ध्वजारोहण ग्राम के सरपंच मनिहार साहू के द्वारा किया गया। तत्पश्चात तिरंगे झंडे को सलामी देते हुए राष्ट्रगान गाया गया। इस अवसर पर कक्षा 5वी, 8वी और 10वी के मेधावी विद्यार्थियों को कक्षा में प्रथम आने पर सम्मान चिन्ह के रूप में डॉ दिनेश गंगबेर के द्वारा हाथ घड़ी देकर और अधिक मेहनत करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। हर घर तिरंगा कार्यक्रम पर आयोजित निबंध, भाषण, रंगोली, गायन, एवं नृत्य प्रतियोगिता में सम्मिलित प्रतिभागियों को भी पुरस्कृत किया गया। बच्चों द्वारा बहुत ही मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम में कविता भाषण और लोक नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक सतानंद साहू के द्वारा किया गया। संकुल समन्वयक एवं शिक्षिका स्मिता साहू ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं के साथ कहा कि स्वतंत्रता हमें बहुत ही त्याग और बलिदान के बाद मिला है हमें अपने तिरंगे झंडे का बहुत ही आदर और सम्मान करना चाहिए। इस अवसर पर शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय के प्रधान पाठक रणजीत गायकवाड़ और गिरधर लाल साहू एवं समस्त स्टॉफ, मनिहार साहू सरपंच, महावीर साहू अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति अतरगढ़ी, दिलेश्वर डहरे उपसरपंच, राकेश गायकवाड़, शाला प्रबंधन समिति प्राथमिक शाला अतरगढ़ी, गणमान्य नागरिक एवं छात्र छात्राए उपस्थित रहे।



### छात्रों ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति



**बेमेतरा।** रेवेन्द्र सिंह वर्मा कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र में आज़ादी का जश्न मनाया गया। इस अवसर पर अधिष्ठाता डॉ. संदीप भंडारकर ने ध्वजारोहण किया एवं तिरंगे झंडे को सलामी दी। उन्होंने उद्बोधन में कहा कि भारत में बहुआयामी सामाजिक और आर्थिक प्रगति की है। भारत कृषि के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन चुका है, जिसके कारण भारत विभिन्न प्रकार की कृषिगत खाद्यानों, अन्य वस्तुओं के बहुतायत उत्पादन में विकासशील देश से विकसित होने की राह पर अग्रसर है। इसमें कृषि वैज्ञानिक एवं कृषि तकनीकों का विशेष योगदान रहा है। छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से जागरूकता का संदेश दिया। कविताओं, भाषण, संगीत व नृत्य की रंगारंग प्रस्तुतियों से सभी को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व अधिष्ठाता डॉ. केपी वर्मा ने महाविद्यालय को उत्तरोत्तर प्रगति करने के लिए बधाई दी। अधिष्ठाता द्वारा प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त कर्मचारी एवं अधिकारी डॉ. यूके. ध्रुव, डॉ. कुन्ती बंजारे, डॉ. भारती बघेल, डॉ. हेमलता निराला, डॉ. साक्षी बजाज, प्रतिभा सिंह, डॉ. नूतन सिंह, सुनीता सिंह, डॉ. सरिता शर्मा, राजेश बर्मन, रीना कुर्रे उपस्थित रहे।

■ कविताओं भाषण, संगीत व नृत्य रहा आकर्षण का केंद्र

## भारत का विभाजन मुस्लिम लीग, वामपंथी व कांग्रेस के कारण हुआ

# विभाजन विभीषिका दिवस पर जिला मुख्यालय में हुई संगोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा






भाजपा समर्थित इकाई ने 14 अगस्त विभाजन विभीषिका दिवस पर जिला मुख्यालय में जिला स्तरीय संगोष्ठी आयोजित की। इसमें डॉक्टर, इंजीनियर, अधिवक्ता, समाजसेवी, पत्रकार, स्वयंसेवी संगठन, नगर में निवासरत, विभाजन विभीषिका से पीड़ित विस्थापित परिवार शामिल हुए।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता बेलतरा विधानसभा के पूर्व विधायक रजनीश सिंह, पूर्व विधायक लाभचंद बाफना रहे। इस दौरान मौजूद विभिन्न क्षेत्रों से आए अतिथियों ने अपने विचार रखे। जिसमें

वक्ता रजनीश सिंह ने कहा कि, भारत का विभाजन मुस्लिम लीग, वाम पंथी व कांग्रेस के कारण हुआ। धर्म के आधार पर देश को दो भागों में बांट दिया गया, जिसका दंश आज तक भारत झेल रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विश्व पटल में भारत का मान बढ़ा है। उन्होंने वर्तमान में बांग्लादेश के ताज़ा परिस्थिति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि, जिस तरह बंगलादेश में हिन्दुओं पर अत्याचार हो रहे उनसे कही ज्यादा 1947 में भारत विभाजन के समय हिन्दुओं पर अत्याचार हुए थे। विधायक दीपेश साहू ने कहा कि, आज हम सभी को संगठित होने की जरुरत है। जिला भाजपा अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी ने कहा कि, हमें जात - पात, से ऊपर राष्ट्र सर्वोपरि का भाव जगाना होगा। उक्त संगोष्ठी को साजा विधानसभा के पूर्व विधायक व संसदीय सचिव लाभचंद बाफना, बेमेतरा के पूर्व विधायक अवधेश सिंह चंदेल, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला कार्यवाह गंगाधर यादव ने विचार व्यक्त किए।

छत्तीसगढ़ सिंधी महापंचायत के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रकाश सीतलानी ने विभाजन की दास्तान को जीवंत बताने का प्रयास किया। सुरेन्द्र मोटवानी व मंजीत सिंह ने भी अपने पूर्वजों पर आप बीती बताई। कार्यक्रम का संचालन जिला संयोजक होरीलाल सिन्हा ने किया। इसके बाद मौन जुलुस निकाला गया।

संगोष्ठी में डेरहा देवांगन, कुसमी सरपंच मोहन वर्मा, भाजपा नेता योगेश तिवारी, भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष राजू देवांगन, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष ललिता साहू, बेरला जनपद अध्यक्ष प्रीतम सिंह चंदेल, नगर पालिका उपाध्यक्ष पंचू साहू, पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष विजय सुखवानी, शहर मंडल अध्यक्ष मोंटी साहू, बेरला मंडल अध्यक्ष बलराम पटेल, चिकित्सा प्रकोष्ठ जिला संयोजक डॉक्टर शिवेंद्र त्रिपाठी, संजीव तिवारी, रीना साहू, अनिल रजक, साजा पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष हरिशंकर टावरी, छोटेलाल साहू, अधिवक्ता नारद साहू, इंजीनियर दिनेश साहू, छत्र कुमार देवांगन, रेवाराम निषाद, युगल देवांगन, संतोष वर्मा, डॉ डोसन साहू, गौकरण साहू, डोमेन्द्र राजपूत,प्रबल सिंह डॉ लालाराम साहू सहित वरिष्ठ नागरिक उपस्थित थे।

